ग्लोबल कम्युनिटी ऑस्कर अवॉर्ड समारोह

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तरी अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (नाचा)** को **शिकागो में आयोजित 10वें वार्षिक ग्लोबल कम्युनिटी ऑस्कर अवॉर्ड समारोह** में **'ऑर्गनाइजेशन ऑफ द ईयर'** से नवाज़ा गया है।

प्रमुख बिंदु

- यह **पहला पुरस्कार** है, जो नाचा को यूएसए के वरिष्ठ राजनीतिक नेता **डैनी के डेविस और एमेक्स लीडरशिप** से प्राप्त हुआ है।
- छत्तीसगढ़ी एनआरआई एसोसिएशन ऑफ द ईयर के तेज विकास को देखते हुए इसका चयन किया गया है।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्लोबल कम्युनिटी ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किये जाने पर नाचा के सभी सदस्यों को बधाई दी।
- अमेरिका के वरिष्ठ सांसद (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) डैनी डेविस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संगठन अमेरिकन मल्टी एथनिक कोएलिशन और मल्टी एथनिक अमेरिकन टास्क फोर्स के साथ सामुदायिक वैश्विक पुरस्कारों को प्रायोजित किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि भारत के बाहर **छत्तीसगढ़ विरासत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये नाचा की शुरुआत 2017 में शिकागो में हुई थी** और अब यह एक अंतर्राष्ट्रीय ब्रॉन्ड है तथा राज्य को प्रोत्साहन देने एवं वैश्विक स्तर पर छत्तीसगढ़ समुदाय का समर्थन करने के लिये कई कार्यक्रमों की मेजबानी करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-community-oscar-award-ceremony